
ENVIS Newsletter on Role of Panchayats in Environmental Management ★ PANCHAYAT ★

# पंचायत

PEOPLE'S EFFORT BRINGS SUSTAINABILITY

VOl. X No. I Year 2007

# Environment and Empowerment of Rural Women



*Published by :*
ENVIS Centre on Role of Panchayats in Environmental Management
Indian Environmental Society

*Sponsored by :*
*Ministry of Environment and Forests*
*Government of India*

ENVIS Centre on
ROLE OF PANCHAYATS IN ENVIRONMENTAL MANAGEMENT

*The views expressed in the articles are of the writers and not of the IES. Your views are solicited as a feedback, I.E.S. would be pleased to solve your queries.*

## CONTENTS


- संपादकीय 3
- Role of women in Panchayat and Natural Resources Management 4
- पंचायतों में महिला नेतृत्व पाँच उदाहरण 6
- गांव की पंचायती राज व्यवस्था 8
- बदलाव की राह पर पंचायती राज 9
- From the Print Media 10
- समाचार पत्रों से 14
- Messages 15


Panchayats have been the backbone of the Indian villages since the beginning of the recorded history. Gandhiji's dream of every village being a republic has been translated into reality with the Introduction of Three-tier Panchayati Raj System to enlist people's participation in rural reconstruction. 24th April 1993 is a landmark day in the history of Panchayati Raj in India, as on this day the Constitution (73rd Amendment) Act, 1992 came into force to provide constitutional status to the Panchayati Raj Institutions.

## Excerpts from Garhwal and Kinnaur Cases

- *"When I was elected [to the council], people wondered whether a woman could become a head? Can a woman do social work? Can a woman go in a marriage procession or to cremate the dead? But we assured them that we could do everything. We are also humans. I had to do all this work and show them. None of the men, prior to me, were able to do as much."* -

  Maheshwari, F/45, panchayat member, India 32
- *"Not just Chipko, but wherever there was a protest movement, for instance against a mining project in our area or [when) people used to exploit young girls for money, or they didn't want to educate girls. our Mahila Mandal Dal used to work for these causes. When we were in the Chipko movement we first went into the jungles and clung to the trees where the contractors were tapping for resin.*
- *"To become the sarpanch is my next dream; I know I can make a difference to the village's problems," says the woman confidently.*
- Prakash Rani, a 36-year-old ward panch member from the Sunwaha panchayat, of Gorkhi village in Raisin district of Madhya Pradesh.
- Mukhopadhyaya and Meer in their book *"Creating Voice and Carving Space"* (2004) narrated a story. *"I was the one who was elected. But I was not allowed to go out, never to speak. I have learnt to speak, to use the microphone. Now that the mike has come to my hand, it will remain with me for my entire life - nobody can take it away"*
- MHrawarunissa, Corporator, Warangal. India.

*Articles are invited on the topic of **"Empowerment of Rural People"** for the next edition of the Newsletter "PANCHAYAT".*

# संपादकीय

पंचायत शब्द एक बहुत ही जाना पहचाना शब्द है। इसका संबंध भारत के साथ काफी लंबे समय से रहा है। इन सभी की एक कड़ी है 'पंचायती राज'। ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में पंचायत राज ने एक अहम भूमिका निभायी है। अपने इस अंक के द्वारा हम महिलाओं की पंचायतों में भागीदारी को और अधिक मज़बूत करना चाहते हैं। इसके साथ ही पंचायतों की प्राकृतिक संस्थाओं और आपदा प्रबंधन संस्थाओं में भूमिका को भी तय करना चाहते है।

ग्रामीण विकास जो कि हमारा संकल्प है, इसके दो आधारभूत तत्व हैं। पहला-महिलाएँ और दूसरा-पंचायत। 1992 में संविधान में 73 वाँ संशोधन किया गया था। कहा जाता है कि इस संशोधन के बाद महिलाओं की चेतना का और अधिक विकास हुआ है। इसमें कुछ खास बातें शामिल की गयी हैं जैसे :-

1. हर पाँच वर्ष के पश्चात ग्रामीण, माध्यमिक तथा ज़िला स्तर पर लगातार चुनाव हो।
2. महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 33 प्रतिशत स्थानों का आरक्षण किया जाये।

नए संशोधन में महिलाओं के लिए खास प्रावधान हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि महिलाओं के लिए किसी भी सरकारी संस्थान में कार्यकारी सदस्य के रूप में तथा निर्वाचित सदस्य के रूप में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाना। 73 वें संशोधन के बाद स्थिति काफी बदल गयी। सामाजिक स्तर में भी काफी बदलाव आया है। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया गया। महिलाओं को इस बात के लिए जागृत किया गया कि उनकी अपनी एक अलग पहचान है। उन्हें भी निर्णय लेने का अधिकार है। शायद इसी का नतिजा है कि महिलाएँ विभिन्न स्तरों पर निर्णय लेने का अधिकार रखती हैं जैसे - शिक्षा, स्वास्थ्य, आय-वृद्धि, सामाजिक बुराइयों से लड़ना, नेतृत्व परिवर्तन और गांव के विकास से जुड़े मुद्दों पर निर्णय लेने का अधिकार रखती हैं। वर्तमान समय में इनका पंचायतों में महत्वपूर्ण स्थान है। क्योंकि घरेलू समस्याओं के बारे में अधिक जानकारी होने के कारण ये आसानी से समाधान निकाल लेती हैं। ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यो में भी महिलाओं का योगदान कम नहीं है। आज महिलाऐं हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। चाहे वह क्षेत्र शिक्षण का हो या फिर तकनीकी कौशल दिखाने का क्षेत्र ही क्यों ना हो। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन संस्थाओं में भी पंचायतों के द्वारा एक अच्छी खासी भूमिका अदा की जा सकती है। क्योंकि इस स्तर पर आपदाएँ आती रहती हैं, और इनके समाधान के लिए पंचायतों से अच्छी कोई संस्था नहीं हो सकती। इसके साथ ही हम इस बात को अनदेखा भी नहीं कर सकते कि पंचायतों के पास कई वर्षो का अनुभव है जिसके द्वारा वो समस्या का समाधान कर सकती हैं।

अपने इस अंक में हम आशा करते हैं कि पंचायतें ग्राम विकास और इनमें महिलाओं की हर स्तर भागीदारी को निश्चित करेगी।

**देशबन्धु**

# ROLE OF WOMEN IN PANCHAYAT AND NATURAL RESOURCES MANAGEMENT

*by Bhavna Kalla, Project Associate, Indian Environmental Society*

The Panchayati Raj or grass-root units of self-government - have been proclaimed as the vehicles of socioeconomic transformation in rural India. They cover more than 96% of India's rural population, where gram sabhas act as platforms for people's participation, to raise demands and to ensure transparency and accountability in the responses of Panchayats. The most revolutionary part of the Constitution (73rd Amendment) Act -1992 is, "not less than one-third of the total number of offices of Chairpersons in the Panchayats at each level shall be reserved for women".

Women play several important roles in the society as: producers, users, consumers and administrators of water, energy, agricultural products, housing and natural resources. As mother, she is undoubtedly the primary school of learning, from where children can be made to develop rational and far sighted attitude towards food, water and energy consumption. The reservation to the women in Panchayati Raj has set for their efficacious role in decision-making process at the grass roots level. It has been noticed that many elected women are participating efficiently and enthusiastically for socio-economic welfare of their region along with remarkable consideration towards natural resource management and the environment as a whole.

## WOMEN ARE MAKING A DIFFERENCE:

It has been studied and noticed that the physical participation of women in elections has been more than anticipated. The percentage of female participation has been more or less steadily increasing.

Against all odds, women in Panchayati Raj are already making headway in areas of immediate concern to their families and their villages. These issues, often ignored by men, range from health and sanitation to campaigns against alcoholism and domestic violence. At the dawn of this new millennium, many of the entrenched social evils that have persisted for thousands of years are beginning to change.

Women are transforming the development agenda to address issues critical to visage life:

Health: Women - who are most often affected by poor health throughout their lives - take a stand for better nutrition, sanitation facilities, safe drinking water, and access to reproductive health care essential for healthy families and communities. In some areas, women PRI members take an active role in polio eradication, health camps, mobilize women for services and monitor attendance of staff.

Education: Women organize literacy courses for other women in the community. They ensure that schools are built for children, that teachers are held accountable, and that both girls and boys attend.

Income generation: Women form self-help groups and credit organization among themselves to increase family income. Women leaders organize skills training for the women of the community.

Addressing social evils: Women take action to address crucial social issues such as dowry, domestic violence, child marriage and child labour. They ensure that women know their rights and have access to information. They commit themselves to include traditionally excluded groups - the landless, scheduled castes and tribes.

Redefining leadership: Women are changing the nature of leadership, incorporating values such as honesty, openness, patience, collective support, inclusion and accountability.

Changing village dynamics: In even the most conservative villages, women's leadership unleashes a process of change for the whole community. Women leaders empower other women to step out of home,become literate and contribute to the community. They help to dissolve old prejudices, creating new partnerships with men.

## SOME ACHIEVEMENTS:

In Karnataka 45% of the elected offices are occupied by women and in Uttar Pradesh 54% of the Zilla Panchayat Pradhans are women. Similarly in Tamil Nadu 36% of the chairpersons of gram panchayats are women.

Rural women of Andhra Pradesh West Godavari district have made history by collecting Rs. 60,000/- by contributing 50 paise each last year to save life of a helpless woman. The West Godavari district federation

of women's SHGs with 4 Lakhs members in 40,500 groups have decided that each member will contribute Re. 1 per month to create a social security fund.

In the article that won him the Prize in 2001, K.P.M. Basheer (The Hindu) reported that one-fourth of the 100 village panchayats in the Muslim-dominated Malarppuram district (Kerala) are headed by Muslim women. He commented "this is remarkable for a community which, not long ago, frowned upon women going to the fair-price shop to fetch their weekly rations" and where, unlike many other parts of the state, women are victims of dowry abuse, low literacy, teenage marriage and adolescent childbirth. When she went to the panchayat office in the initial few months, Ms. R.K. Hafsath used to be accompanied by her husband; self-confidence was rapidly built up and soon as President of the Thripprangot panchayat, she was addressing meetings and handling outside.

Mr. John Conrad, the vice president of an International organization that has devoted itself to uplift of female and children through 'The Hunger Project', praised women work in Golaghat, Assam.

## WOMEN AND ENVIRONMENT:

Women play major role in managing natural resources, e.g. soil, water, forest and energy. Their contribution in agriculture and animal husbandry as well as in the household put the charge of managing the living environment around them, in their hands.

Since ages women utilizes the refuse left out after crop harvesting and household waste in producing green manure and compost. This way helps in keeping the environment clean and waste products judiciously utilized. The women have been making and using cattle dung *'UPLE'* as a fuel. Cattle dung and vegetable refuse is also used for production of bio-gas which is a cleaner and healthy fuel. The elected women and women as such are playing a very supportive role in successful running and implementation of Joint Forest Management Programs in different parts of the country. It has helped in removing extra burden from forests, provides fuel, fodder, fiber, vegetables, fruits etc. and has also helped in creating employment thereby improving socio-economic conditions of the villagers. It had been studied that women participates well in watershed development activities and takes interests in natural resource management of their areas. We cannot ignore the fact that women being the resource managers are also the vietims of environmental mismanagement and contribute to environmental degradation. Where the resource base is declining or degraded, it is the women who have to put extra effort in finding simple yet basic and essential commodities like water, fuel etc. increased labour burdens are often manifested by stress, malnutrition and ill-health. Women's participation in resource decision-making contributes directly to the protection and rehabilitation of the environment. Some of the most successful examples, of sustainable development built upon women's initiative are the Chipko Movement in Northern India, the Kenyan Green Belt Project and the Boldia Sanitation Project in Pakistan.

We must not forget that women's powerful role in bringing up children, they if made aware can play unmatched role in incorporating environmental responsibilities in the present and future generations right from its childhood. Women are the key agents of change and they can contribute significantly in environmentat planning, conservation and management. They have the basic knowledge and the skills for natural resource management can be easily built upon it. Women have the remarkable ability to work together. They can share their skills and resources to take efficient action. Furthennore, increasing the capacity of women to overcome their own poverty has associated social benefits. As women's income increases, there is decrease in child birth and hence the associated population explosion, poverty, illiteracy, unemployment etc to certain extent.

## POINTS WORTH MENTIONING:

Proper training should be provided to rural women through which they are made aware of their rights, upcoming and existing policies, schemes etc. Also, she should be made to realize the importance of environmental planning and management and her possible role in it.

For rural development and environmental management, women must properly trained so that she can identify, develop and upgrade her skills, leadership qualities, self confidence & be encouraged to carry on education to whatever possible extent.

Rural women should be made aware where to submit their queries, whom to approach incase of any deception or violence against them.

Participation of local people in the identification of village Panchayats and its wards as reserved for women candidates should be ensured by the official of Block

Panchayats and adequate period should be provided for nomination of candidature for contesting election.

Participation of women representatives of Panchayati Raj Institutions in the Block and village Panchayats Meetings and Development programmes should be made mandatory.

It has to be understood that the first generation of women Panchayat leaders will need to possess enonnous courage. Those supporting them will require great endurance and it is very important to support the fledging first step of women's reservation in every way we can.

The women who are struggling against enonnous odds to improve the lives of their families, their villages and their nation. They are the key change agents for a new future for India. By ensuring that they gain access to the resources and information they need - and by allowing their voices to be heard.

Last but not the least, there should also be proper checks and timely guidance given to them so that the elected women candidates do not misuse her powers under the influence/outside-pressure or due to willingness/ignorance of her own. All the Sustainable Development avenues cannot be harnessed until the policy makers, decision managers and women involve themselves in the decision making process. Sustainable rural development calls of for an interdisciplinary approach with compulsory involvement of rural women in planning, technology assessment and evaluation.

## CONCLUSION:

Almost everyone would agree that women are more likely to be around, more stable part of the population they are more likely to make a long term commitment and investment in their communities. Women make the link between poverty and environmental degradation, and that everyone's co-operation is needed to eradicate poverty to achieve sustainable development. Sustainable development will be an elusive goal unless women's constitution to environmental management is recognized and supported. Through their management and use of natural resources. women provide sustenance to their families and communities. Women's indigenous knowledge of ecologica11inkages and ecosystem management are the main labour force for subsistence production.

Women are already playing an essential role in the development of sustainable and ecologically sound consumption patterns and approaches to natural resource management. Women has already proved her mettle in her determination towards development of her family, community, surroundings and Environment as a whole. She is persistently working to prove her worth as leaders and nature-savers since given an opportunity after the Constitution (73rd Amendment) Act -1992. It is our hope and appeal that every citizen of India will appreciate and stalwart her as an entity of honour and help her to contribute her worth to the society.

## REFERENCES:


Ambedkar, S.N. and Nagendra, S. *Women Empowerement and Panchayati Raj* (Jaipur: ABD Publishers, 2005).

Goel, S.L. and Rajneesh Shalini, *Panchayati Raj in India: Theory and Practice* (New Delhi: Deep and Deep Publications 2003).

Mehta, G.S., *Participation of Women in the Panchayati Raj System* (New Delhi: Kanishka Publishers, 2002).


❒❒❒

# पंचायतो में महिला नेतृत्व के पाँच उदाहरण


*प्रबाल राय,*
*विकास परामर्शदाता, लखनऊ*


पंचायती राज (73वाँ संविधान संशोधन) अधिनियम को लागू हुए 10 वर्ष से अधिक हो गये हैं अधिनियम के महत्वपूर्ण तत्वों में पंचायत प्रतिनिधियों और प्रधान के पदों पर महिलाओं के आरक्षण का प्रावधान एक युगान्तकारी पहल है। परन्तु प्रश्न यह उठता है कि क्या इस कारण कोई उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं? इस नई शक्ति को पाकर क्या महिलाओं की सामाजिक राजनीतिक दशा में कोई बदलाव आया हैं? नीचे हम उत्तर प्रदेश की पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी के तथा उसमें आने वाली रुकावटों के बाबत कुछ केस अध्ययन प्रस्तुत कर रहे हैं–

### केस अध्ययन -1

खरपतिया खुर्द बांदा में पिछड़े वर्ग हेतु आरक्षित सीट से सोनिया

निषाद अपने पति के प्रभाव के कारण निर्वाचित हो गईं। सोनिया, सीधी–सादी गृहिणी नाम मात्र की ही प्रधान थीं। क्योंकि वास्तव में प्रधान के पद की ताकत तो उसके पति के पास थी। किन्तु बहुत दिनों तक ऐसा नहीं चल सका। पंचायत अध्ययन एवं संदर्भ केन्द्र बांदा द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भागीदारी लेने के बाद सोनिया के व्यक्तित्व में बहुत बड़ा बदलाव आने लगा। अब उसे अपने अधिकारों और दायित्वों का ठीक–ठीक पता लग चुका था। धीरे–धीरे उसके नेतृत्व में गाँव की पाठशाला मे स्टाफ के कार्यगत हालात में सुधार आया। गलियों की प्रकाश व्यवस्था अच्छी की गई स्वच्छता और साफ–सफाई के लिए नियमित रुप से अभियान चलाये जाने लगे। न्याय पंचायतों की सक्रियता की सुरक्षा भी बढ़ने लगी।

आज यहाँ पंचायत सुव्यवस्थित और समुचित रुप से सक्रिय है।

**केस अध्ययन -2**

इलाहाबाद जिले के एक दूरस्थ गाँव की कोल महिला प्रधान प्रेमवती का मामला उस बीमारी का प्रतिनिधित्व करता है जो प्रचलित है। प्रेमवती अशिक्षित कोल है (उत्तर प्रदेश में कोल अनुसूचित जातियों में आते हैं) जिसका पति प्राथमिक शिक्षा प्राप्त है और ट्रक चलाता है। अगड़ी जातियों की इच्छा के विपरीत इस जीवट की महिला ने पारंपरिक रुप से जातियों में बटे इस गाँव में चुनाव जीता, लेकिन उसे किसी न किसी बहाने से कार्यभार कई स्वैच्छिक संस्थाओं की मध्यस्थता एवं न्यायालय के अंतरिम आदेश के बावजूद नहीं सौंपा गया। रोचक तथ्य यह है कि इस मामलें में खण्ड विकास अधिकारी जो कि स्वयं एक अनुसूचित जाति का व्यक्ति है सबसे बड़ा रोड़ा था। निर्वाचन के दो वर्षो के बाद भी प्रेमवती को कार्यभार नहीं मिल पाया था।

**केस अध्ययन -3**

एक अन्य महिला पुष्पा का मामला भी रोचक है। प्रेमवती की तरह पुष्पा भी अनुसूचित जाति की है। वह 30 साल से लगातार बन रहे उच्च जाति की प्रधान बनी। निर्वाचन के बाद यह प्रधान उप–प्रधान बन गए। पुष्पा दसवीं कक्षा तक पढ़ी है तथा उसने अध्यापन का प्रशिक्षण भी लिया है। उसने विकास का अपना एजेन्डा लागू किया जिससे निर्धनों की आंख का तारा बन गयी। लेकिन इससे उप–प्रधान उसके कट्टर दुश्मन बन गए। उप–प्रधान ने अफसर –शाही से अपने संबंधों एवं गाँव में अपने प्रभुत्व का प्रयोग किया ताकि गाँव में चल रहे कार्यो को रोका जा सके। अंततः वह प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने में सफल हो गए। वर्ष 1998 में पुष्पा को प्रधान के रुप में दी गयी जिम्मेदारीयाँ छीन ली गयीं।

**केस अध्ययन -4**

कस्तूरी जी ग्राम करारी की निवासी हैं। वे बहुत ही निडर और साहसी हैं। कस्तूरी जी ने 15 वर्ष पहले वार्ड सदस्या का चुनाव लड़ा और वे जीतीं। चुनाव जीतने के बाद उन्होने ग्राम विकास के लिये विभिन्न कार्य किये व ग्राम की महिलाओं को ऊपर उठाने के लिये उन्होने उनकी रैली भी निकाली। उनको वे विभिन्न शहरों मुम्बई, कलकत्ता आदि स्थानों पर भी ले गयीं और जब भी ब्लॉक बड़ागांव में कोई भी मीटिंग होती तो वे सभी महिलाओं को साथ लेकर जातीं व उनको आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश करती। चुनाव जीतने के बाद भी उन्होंने सभी विद्यवा स्त्रियों को विद्यवा पेंशन का लाभ दिलवाया।

'मार्गश्री' सामाजिक संस्था द्वारा पंचायती राज की जानकारी के लिये एक मीटिंग का आयोजन किया जिसमें ग्राम के बहुत से पुरूषों व महिलाओं न भाग लिया व अपनी समस्यायें बताई।

उन्होंने ग्राम प्रधान के द्वारा हो रहे शोषण व प्रधान की कमियों को सबके सामने रखा। कन्ट्रोल में जो राशन आता है वह राशन गरीबों को न देकर अन्य लोगों को दे दिया जाता है, इस समस्या को भी बताया।

ग्राम के आधे से ज्यादा लोगों के पास गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन वाले कार्ड नहीं थे व उनके कार्ड बनाये नहीं जाते, इस विषय में भी बताया। आंगनबाड़ी में बच्चों के लिये जो कपड़े व राशन आता है वह बच्चों को न देकर किन्हीं दूसरे व्यक्तियों को दे दिया जाता है, इस समस्या को भी सामने रखा।

**केस अध्ययन -5**

श्रीमती बिट्टो देवी, ग्राम गढ़ी रावा की प्रधान हैं। यह गाँव सीतापुर जिले के गोंदलामऊ ब्लॉक में है। बिट्टो देवी ने महिला सीट होने के नाते पति के प्रोत्साहन या दबाव में चुनाव लड़ा और प्रधान पद के लिये चुन ली गई। अब हो गई वे गाँव की प्रधान जिस पर पूरे गांव के विकास की जिम्मेदारी होती है। बिट्टो देवी ठहरीं 45 वर्षीय घरेलू महिला। कैसे उठाती भारी भरकम जिम्मेदारीयां अपने पति के रहते? कैसे रखती चौखट के बाहर कदम जबकि लोक–लाज, मान–मर्यादा के सारे दायित्व उन्हीं पर निर्भर है। उसके पति ने कहा कि तुम घर में बैठो, तुम्हारी जगह हम करेगें परधानी। तुमसे यह सब नहीं होगा। यह हम पुरुषों के काम हैं, हम सदियों से करते आये हैं। बिट्टो देवी सब भूल–भाल कर बैठ गई घर में और पति महोदय करने लगे पंचायत।

संस्था के लोग बिट्टो देवी को पंचायत का काम स्वयं करने के लिए प्रेरित करने में लग गये। बार–बार उनसे मिलना, बैठक करने के तरीको के बारे में बताना, पंचायत की जानकारियां देना, अच्छी महिला पंचायत प्रतिनिधियों के उदाहरण देना, प्रशिक्षण और बहुत तरह के प्रयास दर प्रयास करना। आखिर इनकी मेहनत रंग लाई और बिट्टो देवी स्वयं पंचायत की बैठक के लिए तैयार हो गईं। उन्होंने सचिव के माध्यम से सभी पंचों को सूचित करवाया और बैठक का एजेण्डा तय किया। तय तिथि में

बिट्टो देवी ने बैठक की अध्यक्षता करके पंचायत की कमान स्वयं संभाली। बैठक में पुरूष प्रतिनिधियों नें ऐसी–ऐसी बातें की कि बिट्टो देवी बहुत क्षुब्ध हुई और आगे फिर कभी बैठक की अध्यक्षता करने से तौबा कर ली।

इतना सब कुछ होने के बाद भी बिट्टो देवी के भीतर संस्था के लोगों ने समाज के लिए कुछ कर दिखाने की जो चिंगारी जलाई थी वह बुझी नहीं। उन्होंने पल्स पोलियो अभियान में बढ–चढ़ कर हिस्सा लिया। उनके इस सराहनीय प्रयास को देखते हुए उप जिलाधिकारी सिधौली द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। बिट्टो देवी केवल पंचायत में ही नहीं जाती हैं वे गांव के विकास के लिए अनेक कार्यों में लगी हैं। अभी वर्तमान में उन्होंने गांव में वृक्षारोपण करवाया है।

दस वर्ष का समय देश में महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण के संदर्भ में बहुत बड़ी अवधि नहीं है। निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने आश्चर्यजनक करतब न दिखाये हों किंतु शुरुआत बहुत अच्छी हुई है। दूसरे शब्दों में महिलाएँ अब सही मुकाम की ओर अग्रसर हैं।

ऊपर हमने उत्तर प्रदेश में महिला प्रधानों की पंचायत में भागीदारी के पांच ज्वलंत उदाहरण देखे। सोनिया, प्रेमवती, पुष्पा, कस्तूरी और

❑❑❑

# गाँव की पंचायती राज व्यवस्था

*कविता जोशी, भारतीय पर्यावरण समिति*

गाँव का नाम लेते ही हमारे मन में एक चित्र उभर कर सामने आता है। उसमें होती है, गाँव की सरल दिनचर्या, साफ वातावरण और सरल जीवन, खेत, खलिहान। सोच कर कितना अच्छा लगता है, कि शहर की भागदौड़ से दूर एक जीवन है। जहाँ मनुष्य घड़ी की सुइयों पर नहीं वरन् अपने मन की गति पर चलता है। जहाँ घर लोगों को दिखाने के लिए नहीं वरन् अपनी संस्कृति के हिसाब से बनाया जाता है। जहाँ पर दोस्ती भौतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए नही की जाती। वहाँ का जनजीवन आपसी भाईचारे का प्रतीक होता है। ऐसे स्थान पर कौन नहीं जाना चाहेगा। लेकिन कभी इसके विकास की ओर आपका ध्यान गया है। क्या कभी आपने सोचा है। कि भारतीय गांवों का उतना विकास हुआ है, जितना होना चाहिए था। शायद आपके पास कोई सार्थक जवाब नही होगा।

इन सबके बावजूद सरकार ने ग्रामीण स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना की थी। पंचायती राज एक ऐसा शब्द है जिसका ग्रामीण शासन के साथ संबंध है। यह शासन प्रणाली गाँव के हितों से जुड़े सामाजिक एंवम् आर्थिक विषयों पर विचार करने का आधार स्तम्भ है। पंचायती राज अधिनियम के ७३ वें संशोधन के बाद पंचायती राज शासन व्यवस्था में पर्यावरण को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया। लेकिन कभी कभार अपने स्वार्थ के लिए हम पर्यावरण का दोहन भी कर देते हैं। जबकि पृथ्वी हमें साधन देती है प्रयोग करने के लिए ना कि बर्बाद करने के लिए। इस बात को ध्यान में रखते हुए पंचायतो में पर्यावरण के विषय पर विशेष ध्यान दिया गया है। लेकिन बहुत सी पर्यावरण से जुड़ी हुई जानकारी ग्रामीण लोगों को भी नही है। जिसके चलते कभी–कभार पर्यावरण के तत्वों का गलत प्रयोग हो जाता है, जोकि पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

सरकार ने गांवो के विकास के लिए अपनी तरफ से कोई कमी नहीं छोड़ी है। फिर चाहे वो पंचायती राज कानून हो या फिर संविधान का ७३ वां संशोधन हो, जिससे महिलाओं को भी काफी हद तक लाभ हुआ है। लेकिन इन सब के विपरीत गांव की साफ तस्वीर हमारे सामने नहीं आती। अब भी पंचायती राज प्रशासन में बहुत सी कमियाँ हैं। जैसे पंचायतों का जाति के आधार पर बंटा होना। और इन सब के पीछे कारण हैं। जैसे अशिक्षा, धन की कमी, संसाधनो का अभाव, भ्रष्टाचार, तथा गंदी राजनीति। जबतक इन सभी समस्याओं को चीरकर ज्ञान का प्रकाश नहीं आएगा, तब तक स्थिती में कोई सुधार नही आएगा। इनसभी के लिए ज़रुरी है कि सरकार और पंचायती राज संस्थओं का पूरा सहयोग मिलना। बिना मदद के हम ग्रामीण विकास की कल्पना भी नहीं कर

❑❑❑

# बदलाव की राह पर पंचायती राज

औद्योगिक घरानों के गांवों की ओर रुख करने से ग्रामीण भारत की कृषि व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और पंचायती रात की पूरी संरचना में जबरदस्त परिवर्तन होने जा रहे हैं। कृषि और उद्योगों का यह मिलन किस करवट बैठेगा यह आने वाला समय बताएगा।

बात इसी वर्ष जून महीने की है। बिहार के कटिहार जिले में एक भिखारिन हलीमा खातून ने किरोड़ा पंचायत के चुनाव में जीतकर पंचायती राज के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। इससे पहले उत्तर प्रदेश में गाजीपुर ने 60 प्रतिशत महिलाओं का पंच निर्वाचित कर आरक्षण के सभी रिकार्ड तोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था। सच तो यह है कि पंचयती राज छोटे से छोटे गांव और वहां रहने वाले लोगों को लोकतांत्रिक सरकार से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसका श्रेय जाता है 1992 के 73 वें संविधान संशोधन को जिसके तहत बीस लाख से अधिक आबादी वाले सभी राज्यों में गांव, खंड और जिला स्तर पर हर पांच साल में नियमित चुनाव कराने और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था।

स्थानीय जनप्रतिनिधि संस्थाओं का सुखद पहलू यह है कि 12 लाख से अधिक महिलाएं निर्वाचित हुई हैं। जहां पहले महिला सरपंच या उप सरपंच दीया लेकर ढूढ़ने से भी नहीं मिलती थीं वहां अब ये ही ग्रामीण महिला नेता अपनी कर्तव्यपरायणता, निष्ठा और निष्पक्षता के कारण पंचायती राज के इतिहास स्वर्णाक्षर बनती जा रही हैं। पहले महिलाएं निरक्षता के कारण घर की दहलीज पार करने को पाप या अपराध मानती थीं लेकिन अब साक्षरता की सीढ़ियां चढ़ते हुए बिना किसी की परवाह किए हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे निकलती जा रही हैं। कई पंचायतों को तो फास्ट ट्रैक अदालतों से भी तेज गति से झगड़े निपटने का गौरव हासिल है।

पंचायती राज की नींव मजबूत करने के लिए त्रिआयामी संस्थागत तंत्र बनाया गया है। इस त्रिमूर्ति में राज्य निर्वाचन आयोग, चुनाव प्रक्रिया के तहत विभिन्न स्तरों की पंचायतों का गठन करता है। दूसरा राज्य वित्त आयोग उपलब्ध संसाधनों से पंचायतों को पोषित, विकसित और सुदृढ़ करता है। तीसरा जिला आयोजन आयोग विभिन्न कार्यक्रमों और परियोजनाओं के आकार, व्यय और संसाधनों की रुपरेखा तैयार करता है। इस संपूर्ण परिदृश्य के शोख गुलाबी रंग के बावजूद तस्वीर के मटमैले पक्ष से आंख मूंद लेने से सच्चाई नहीं मिट सकती। आज निष्क्रिय पंचायतों की संख्या भी इतनी बढ़ गई है कि मुशिकल से चार प्रतिशत पंचायतों में ही निचले स्तर पर लोकतंत्र क्रियाशील और जीवंत है। त्रिस्तरीय प्रतिनिधि संस्थाओं के चुनाव नियमित न होने की शिकायतों के साथ साथ घपलों, अभियंताओं की जोर जबरदस्ती, हिंसक घटनाओं, मतपेटी छीनने आदि की बढ़ती घटनाओं ने पूरी चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। पंचायती राज संस्थाओं में धांधली एक आम बात है और इन संस्थाओं में धांधली और भ्रष्टाचार के निवारण के लिए कोई अचूक उपाय और कार्यनीति भी नहीं है।

असल में पंचायती राज राज्य का मामला होने के कारण उन्हें लेकर–कोई नीति नहीं बन सकी है। हाल में दिल्ली में पंचायती राज पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में यह विचार सामने आया कि राज्य चुनाव आयोग, राज्य वित्त आयोग और जिला आयोजन समिति को भ्रष्ट नौकरशाहों, छुटभैए नेताओं, जमींदारों और उच्च वर्ग के लोगों और ठेकेदारों से दो–दो हाथ करने पड़ते हैं। जहां तक नौकरशाहों का संबंध है तो कलेक्टर और उनके सहकर्मी सत्ता सूत्र अपने हाथ में रखने के चक्कर में नहीं चाहते कि जिला प्रधान और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि उनके अधिकारों में सेंध लगाएं। इसी तरह निचले स्तर पर बीडीओ और पंचायत प्रमुख के बीच अधिकारों को लेकर खींचतान और मनमुटाव होना आम बात है। यह एक मानी हुई बात है कि अधिकतम लोकतंत्र वहां होता है जहां सीढ़ी दर सीढ़ी अधिकारों का हस्तांतरण होता चला जाता है और अंततः जनता की आवाज सारे राष्ट्र की आवाज बन जाती है। लेकिन कई ग्रामीण क्षेत्रों में धारा इसके उलट बह रही है। इन समस्याओं का समाधान पंचायती राज को खत्म करने में नहीं बल्कि उसको बेहतर बनाने में है। इसीलिए 29 मामलें उनके अधिकार क्षेत्र में रखे गए हैं। इसके अलावा यह भी जरुरी है कि पंचायती राज संस्थाओं के कामकाज में पारदर्शिता लाई जाए और ग्रामीण उसके कामकाज पर पैनी निगाह रखें। पंचायती राज संस्थाओं का आर्थिक दृष्टि से भी मजबूत होना जरुरी है। इन संस्थाओं को 29 मामले तो आवंटित कर दिए गए लेकिन उसके लिए धन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई।

यह विडंबना तब और भी कचोटने लगती है जब हम पाते हैं कि ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय को संयुक्त बजट राशि किसी भी अन्य मंत्रालय से कम नहीं है। इस वर्ष ग्रामीण विकास मंत्रालय के लिए 39073 करोड़ 18 लाख और पंचायती राज विकास मंत्रालय के लिए अलग 3825 करोड़ 73 लाख रुपये आवंटित किए हैं। संसद की स्थाई समिति के अनुसार पंचायती राज को सौपे गए 29 विषयों के लिए निर्धारित बजट की 71000 करोड़ रुपये की राशि में से 40000 करोड़ रुपये से अधिक राशि केंद्रीय मंत्रायलों को दी गई है। इस राशि को पंचायत के कार्यों में लगाकर मंत्रालयों द्वारा हड़प लेना घोर अन्याय है। पंचायतों को कुल मिलाकर चार प्रतिशत से भी कम राशि मिल पाती है। लेकिन यह निश्चित है कि औद्योगिक घरानों के गांवों की ओर रुख करने से ग्रामीण भारत की कृषि व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और

❑❑❑

From the Print Media

# BID TO STRENGTHEN DEMOCRACY

*The Hindu, October 3, 2005*

**STAFF REPORTER**

**NEW DELHI:** There is still no electricity and telephone in Padma Domla's village, Rumbak, in Ladakh. Taking a day for her to commute from her village, Padma's world might be years behind the Capital in terms of modern facilities, but she, along with 19 'other elected women representatives have taken giant steps to strengthen demoofacy and is proof that India is shinning.

"My village is 60 km from Leh. We don't have a road to connect our village. We use solar power. I have been a panch for five years now and have managed to build a school and a medical centre. We have also got women together to start a self-help-group and we knit socks, sweaters and caps. Whatever money we get we put 10 per cent of it aside so that we can give that to women who need it.," me said with a smile at a function to felicitate elected women representatives in Panchayats the Embassy of Norway here over the weekend.

Working with The Hunger Project – that operates at the grassroots level to give elected women representatives of Panchayats. The training to stand on their own feet. she has managed to give children at her village a chance to get connected with the rest of the world through education.

**DALIT COMMUNITY**

While her village might be cut off from the rest of the country and is too small for most people to even remember its name. she has done what most women in urban India fail to achieve --stepping out from the margins to 'count'. Not alone in her fight to get her voice heard or move beyond the four walls of her house to become a leader. The story of Nilkamal Sethi is almost as remarkable. A graduate from the Dalit community, she was initiated into leadership by her mother-in-law. A story that will certainly not be seen in the 'saas-bahu' sagas that dominate the television screens, Nilkamal has an up-close and personal experience with poverty.

"I come from a poor family. I was married into a poor family and I represent one of the poorest parts of the country in Orissa. I think one of the biggest problems-we face is that women don't want to come out of their houses. They work but never step out, one of my biggest challenges is to get them out," She said.

Having managed to get a contract for women to work to build structures in the village. Nilkamal has to overcome not only the logistic problems of ensuring that the experiment works, but also battling centuries of patriarchal mindsets. The road in front of her is long, but she has at least made a beginning.

And sharing such experiences with the diplomatic representatives of Norway. A country that has been relying on the strength of the local government for a long time now, it was an opportunity for both the old and new to learn from each other.

"The local element is very important to the Government in my country. It looks after schools, health, water and collects taxes. I am proud to see how it is developing in your country," said Ambassador of Norway. Jon Westborg.

❐❐❐

## Rural women to fund their welfare

*Omer Farooq, Hyderabad*

**RURAL WOMEN** of Andhra Pradesh's West Godvari district, who made history by collecting Rs 60.000 for contributing 50 paise each last year to save the life of a woman. They have decided to create a permanent welfare fund to help women or their llk.

The West Godavari district federation of women's self-help groups (SIIGs), with 4 lakh members in 40.500 groups has decided that each member will contribute Rs. 1 per month to create a social security fund.

This way the SIIGs will save Rs. 48 lakh a year and utilize the fund to help the women members and their families in case of health and other emergencies.

In this district the SIIGs hit the ,headlines in December last when they collected Rs 60,000 by contributing 50 Paise each to help 36-year-old Basavani Hymavathi in Vemuladeevi village to under go a complicated cardice operation. Basavani has now fully recovered after the surgery.

This success story spurred the districts collector Luv Agarwal to suggest that these groups find a permanent solution to their problems by having their own system of insurance as well as organized entrpreneurial and business network.

The setting up of social security fund is being seen as a first step in this direction. Ms Raghupati, who heads the federation of such groups in the district said that the fund will go a long way in meeting the immediate needs of the members. The fund will provide Rs. 10,000 to a women member of spouse for a major medical treatment and another Rs. 3,000 to travel to a big city to go to a super speciality hospital. In a case of death of a member. The fund will provide an immediate assistance of Rs. 10,000 to the bereaved family.

Significantly the women has also chosen a major social cause for the fund. In a move to protect the girl child and discourage female feticide, Infecticide the fund will provide an assistance of Rs. 1,000 to a mother who gives birth to a female child. If a couple decides to go in for srerllisation after having a girl, the fund will give them Rs. 2,000.

This move to come to the rescue of the girl child by these poor women is significant as the falling sex ratio and decline in the female population has become a major reason of social concern in the country

**The pioneer, 9.3.2006**

❑❑❑

## Backward panchayats likely to get more finds

*Ravish Tiwari, New Delhi*

The forthcoming budget is likely to increase development funding for backward districts across the country. The annual budgetary allocation for the backward regions grant fund (BRGF) is slated to go up by more than 20 percent from Rs. 3750 crore to Rs. 4600 crore in the next financial year.

This jump in funds for BRGF will bring more cheers from 250 backward districts in the country. Since, all the funds under BRGF goes as untied funds for different level of Panchayats, the increased allocation will bring more financial autonomy for Panchayats at village, block, and district levels.

A rough calculation would indicate that Rs. 850 crore additional funds for next year would translate into somewhere between Rs. 3 crore to Rs. 4 crore additional funds for panchayats in each backward regions districts.

However, the budgetary alloca other schemes for the age within Rs100 crore allocation for other schemes for the Ministry of Panchayati Raj will only get a rise of Rs. 25 crore from the current budget of Rs. 75 crore to Rs. 100 crore for the next finential year.

This meagre jump in funds for its other schemes will be surely a reason for disappointment as the Ministry had demanded around Rs. 1000 crore each for its two new schemes of Gram Swaraj and Panchayat Incentivisation scheme for the next financial year.

Ministry will now have to manage within Rs. 100 crore allocate to for 2007-08.

**The Indian Express - 26.1.2007**

❑❑❑

# Water hyacinth: potential source for vermicompost

*The Hindu, 9 February, 2006*

Water Hyacinth (Eichhornia crassipes), also known as blue devil, grows rapidly as a dense green mat over stagnant water bodies such as lakes, streams, ponds, waterways, ditches and backwaters,

The plant is believed to have originated in ghe Amazon basin and was introduced as an ornamental plant in garden ponds. It is found to grow well in tropical and subtropical climates.

The weed is known as Jal khumbe in Hindi, Pisachitha tamara in Tamil and as Kola vazha in Malayalam.

## WEED PROPAGATION

The weed is propagated by vegetative and sexual methods and adapts to the changing environment and water quality. It is a serious pest that can completely wipe out the native aquatic species.

It alters the ecosystem of the water body, causing oxygen fluctuation and raising the water temperature, according to Prof. N. Selvaraj, Head, Horticultural Research Station (HRS), Udhagamandalam.

The seeds Of the plant will sprout even after 20 years of dormancy dud to drought conditions. Under favourable conditions the weeds can infest as much as an acre within eight months, explained Prof. Selvaraj.

"It has been estimated that an area of one acre can be packed with 180 tonnes of water hyacinth that can produce up to 60 tonnes of dry organic matter in a year:' he said.

## COMPOSTING MATERIAL

"The weed is a good absorber of nitrogen, phosphorus and potassium from water and can be used as a good source of compost material," he said.

Experiments were conducted by researchers at the institute to study the composting nature of the weed biomass in comparison with general agricultural wastes, according to him.

Water hyacinth biomass collected from Udhagai (Ooty), lake was mixed with cowdung in the ratio 1:3 and left to decompose for about 50 days.

The partially decomposed material was then transferred into vermicompost block and African earthworm strains (Eudrilus eugeniae) were introduced at the rate of 1,500 worms for every tonne of the weed biomass.

A similar experiment was simultaneously carried out with general agricultural wastes, according to Selvaraj.

"Composting of water hyacinth biomass was completed in 55 days, whereas the composting of agricultural wastes was completed only in 70 days," he said.

"Water hyacinth was also found to enhance the rate of multiplication of earthworms.

## INCREASE IN NUMBER

"At the end of the composting period, the number of adult worms was found to be 4,590 (more than three times increase over the initial number of worms introduced) in the water hyacinth compost and 2,610 (less than two times increase over initial population) in the agricultural waste compost," he said.

The weight of the worms was also found to have

increased. "Each worm weighed about 1.70gms in the water hyacinth compost and about 1.21gms in the agricultural waste compost," he said.

The yield of horticultural crops can be increased by about 10-25 per cent by applying 2.5 tonnes of water hyacinth vermicompost as a fertilizer, according to him.

For more information readers may contact :
**The Head, Horticultural Research Station (HRS),**
Tamil Nadu Agricultural University (TNAU) Udhagamandalam - 643 001
Phone: 0423-2442170 e-mai1: selvanan@yahoo.co.in

❐❐❐

## N.C.F to submit final report on October 2

***The Hindu, 25 June, 2006***

BANGALORE: M.S. Swaminathan, chairman of the National Commission on Farmers (NCF), has said that bringing down the cost of agricultural production and increasing the income of farmers can prevent agrarian distress.

Inaugurating an interaction session of the NCF with farmers, farm scientists, self-help groups and government departments concerned, Dr. Swaminathan said the commission would submit its final report to the Centre on October 2.

Since agriculture was a State subject, each State should set up a farmers' commission with an eminent farmer as chairperson. The commission should submit an annual report 10 be placed before the legislature for discussion and decisions. Punjab was the first State to do set up such a commission. Ad hoc measures would not help solve the problems farmers were faced with, he said. Dr. Swaminathan said ~ there was a need for all States to *j* implement a five-point programme (soil, water, credit and insurance, post-harvest and technology) to address farm sector issues. The policies formulated by the States and the reports of the State farmers' commissions would be considered during the preparation of the 11th Five-Year Plan. Gujarat was the first state to issue soil health cards to farmers, he said.

He suggested that agricultural universities focus on problems confronting small and marginal farmers. Priority should be given to cultivation of pulses, oilseeds and horticultural crops, and livestock, in dry farming regions.

Minister for Agriculture Bandeppa Kashempur said the Government had decided to issue soil-testing kits to farmers in the State's 27,000 villages over three years. A slim of Rs. 5 crore had been earmarked to distribute kits to 9,000 farmers this year.

### DECLINE IN GROWTH

A. Ramaswamy, Principal Secretary, Agriculture and Horticulture, said the growth of agriculture had decelerated from the mid-1990s on account of drought and delay in the execution of irrigation projects. The growth rate declined from 3.6 per cent in 1996 to 1.2 per cent in 2006. The 10th Plan had set a target of four *per* cent growth, which was unlikely to be achieved, he said.

The State Government had decided In double farm production in the next 10 years. Hence attention needed to be given to improving extension delivery, post harvest measures and completion of pending irrigation project, he said.

❐❐❐

समाचार पत्रों से

# महिला सरपंचो की कांटो भरी डगर

*मुद्दा ● जीतेंद्र सिंह भाटी*

भीलवाड़ा के रायला तहसील की एक ग्राम पंचायत की सरपंच रही कमलीबाई अब दोबारा से मजदूरी करने जाने लगी है। सरपंच बन जाने के बाद भी उसे गाहे–बगाहे मजदूरी करने जाना पड़ता था लेकिन अब अकेले उसके पति की मजदूरी से पांच बच्चों की परवरिश मुश्किल है लिहाजा वह दोबारा मजदूरी पर जाने लगी है। मजदूरी से कमलीबाई नहीं डरती लेकिन उसे जेल जाने से डर लगता है। वो चौथी कक्षा तक पढ़ी है लेकिन खरी–खरी बात कहने वाली कमलीबाई ने ऐसा कुछ नहीं किया कि उसे जेल जाना पड़े लेकिन बह एक साजिश का शिकार हो गई है। कमलीबाई पर सरपंच के तौर पर काम करने के दौरन पंचायत के धन के गबन का आरोप लगाया गया है। वह गबन शब्द का मतलब भी नहीं जानती लेकिन उस पर यह आरोप चस्पा है। उसे बुरी तरह डराया गया है कि उसके कभी भी जेल जाने की नौबत आ सकती है।

मध्यप्रदेश के बुरहानपूर जिले के भील समुदाय की राधाबाई तो सालों से पंचायत की राजनीति पर कब्जा जमाए बैठे रसूख वालों से लड़ते–लड़ते इतनी निराश हो गई कि उसने जहर खाकर जान देने की भी कोशिश की। राजस्थान पाली जिले की सरपंच बेरमाबाई को पद छोड़ने पर मजबूर कर दिया गया। बाकी महिला सरपंचों की तरह ही बेरमा भी पढ़ना नहीं जानती। वह सिर्फ अपने हौसले के बूते ही वह गांव के विकास के काम में पूरी लगन के साथ जुटी थी लेकिन इससे उन लोगों का खासा फर्क पड़ रहा था जो पंचायत की राजनीति से सालों से कमाते खाते रहे थे। आखिरकार उन्होंने हर तरीका आजमा कर बेरमा के सामने ऐसे हालात पैदा कर दिए कि उसक पास पद छोड़ देने के सिवाय कोई चारा नहीं रह गया। डेढ़ साल तक जूझने के बाद जलालत इतनी ज्यादा हो गई कि बेरमा ने सरपंची छोड़ देने मे ही भलाई समझी। ये छिटपुट मामले हैं यह सोचकर इनको खारिज नहीं किया जा सकता है। ये मामले तो बानगी भर है। मध्यप्रदेश में कुल महिला सरपंचों में से तीन फीसदी पर किसी न किसी तरह के आरोप चस्पा कर दिए गए है। राजस्थान में ढाई फीसदी मामलों में ऐसा हो रहा है।

12 साल पहले 23 दिसम्बर 1992 को संविधान संशोधन के माध्यम से महिलाओं के लिए पंचायत और नगरपालिकाओं के स्तर पर आरक्षण का बंदोबस्त किया गया था। 24 अप्रैल और 1 जून 1993 को संसद द्वारा किए गए संविधान संशोधन विधेयक कानून में तब्दील हुआ और तब से महिलाओं के लिए आरक्षण का बंदोबस्त है। अब हर पांच साल में देश जो 32 लाख के करीब प्रतिनिधि पंचायत और नगर पालिकाओं के स्तर पर चुने जाते है उनमें से आरक्षण की बदौलत 10 लाख महिलाएं होती है। लेकिन एक बड़ी शिकायत यह रही है कि वे कई मायनों में प्रभावी साबित नहीं हो पा रही हैं। जहां पहले से राजनीति पर काबिज परिवारों की महिलाएं ही आरक्षित सीटों पर चुनाव लड़कर जीत जाती हैं। जिससे अन्य महिला समुदाय को कोई फायद नहीं हो रहा है। क्योंकि राजनीतिक शक्ति उन्हीं परिवारों तक ही सिमटी रही। लेकिन जहां दूसरे लोग इस शक्ति में भागीदारी के लिए आगे आए वहां संघर्ष हो रहा है और इस संघर्ष में सबसे बदतर स्थिति है उन महिला संरपंचों की जो अपने बूते राजनीति में जमे रहना चाहती हैं। ऐसी महिला सरपंचों के साथ आधा दर्जन राज्यों में बेहद बुरा बर्ताव हो रहा है। उनके पास दो ही विकल्प हैं–या तो पद पर होने के बाद भी किनारे बैठकर तमाशा देखें या फिर जलालत से लेकर पुलिस में दर्ज कराए गए मामले तक झेलें। आदिवासी इलाकों में यह समस्या विकराल रुप में मौजूद हैं जहां आदिवासी महिलाओं को सरपंचों की जलालत का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है।

**मध्यप्रदेश में डेढ़ हज़ार से ज़्यादा महिला सरपंचो के खिलाफ मामले चल रहे हैं। राजस्थान में यह संख्या एक हज़ार का आंकड़ा पार कर चुकी है। ज़्यादातर महिला सरपंचो को पता नहीं कि उन पर क्या आरोप लगाए गए**

मध्यप्रदेश में डेढ़ हजार से ज्यादा महिला सरपंचों के खिलाफ मामले चल रहे हैं। राजस्थान में यह संख्या एक हजार का आंकड़ा पार कर चुकी है। ज्यादातर महिला सरपंचों की हालत यह है कि वे जानती तक नहीं कि उन पर क्या आरोप लगाए गए उनको किस तरह बर्खास्त कर दिया गया। उनकी अशिक्षा का फायदां उठाकर नियम कायदों की आड़ लेकर साजिश के तहत उनको हटा दिया गया। मध्यप्रदेश के पंचायत मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर कहते हैं कि अगर महिला सरपंचों को झूठे मामलों में फंसाकर या गलत प्रक्रिया अपनाकर पद से हटाए जाने के मामले सामने आएंगे तो कार्रवाई की जाएगी लेकिन ऐसे एक भी मामले में कार्रवाई नहीं की गई है।

❑❑❑

# Messages

This magazine is very useful source to the social workers as well as voluntary organisations which are working in this field of environment & panchayats.

*Dr. Nand Lal (Uttar Pradesh)*

Panchayat newsletter is very informative and covers useful articles related to environment, agriculture and specially organic farming & Pollution.

*Dr. A. Noor (Rajasthan)*

Panchayat s special issue is very good for NGO sector related to environmental education.

*Mr. P. K. Chak (Uttar Pradesh)*

Panchayat is very effective in strengthening Environmental education and we thank all authors of this magazine.

*Mr. Malay Dewanji (Calcutta)*

पर्यावरण हितार्थ चलाए जा रहे कार्यक्रमों में पंचायत में प्रकाशित सामग्री पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई सोच और जागृति पैदा करने वाली है।

*अवतार सिंह (U.P.)*

पंचायत पत्रिका में महिला सशक्तिकरण एंव पंचायती राज विषय पर उपयोगी जानकारी दी जाती है। यह पत्रिका बहुत ही उपयोगी है।

*श्रीमती सुरेखा चौधरी (U.P.)*

पंचायत पत्रिका भेजने के लिए धन्यवाद, यह पत्रिका महिला संशक्तिकरण एंव पंचायती राज मे उनकी भूमिका को बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत करती है।

*अभय सिंह (U.P.)*

आपके द्वारा प्रकाशित पत्रिका काफी अच्छी है। इस पत्रिका के माध्यम से नई–नई जानकारियाँ प्राप्त होती हैं।

*दिलिप श्रीवास्तव (U.P.)*

# Glimpse of the Website

## www.iespanchayat.net.in

ENVIS CENTRE ON

ROLE OF PANCHAYATS IN ENVIRONMENTAL MANAGEME

The website has compiled all the relevant data and comprehensive information on different components of Panchayati Raj and Environment. The website contains information on databases developed; geographical distribution of Panchayats; success stories, areas of Panchayati Raj co-operation; elections, finance, query services; bibliography; resource repository etc.

We hope that the information contained in the website will suffice your requirements.

We would appreciate your comments & suggestion about the website so that we can update it as per the requirements of our browsers.

Wish you a Happy browsing on **www.iespanchayat.net.in**

The Centre invites for Publications :

- Reports on Panchayati Raj (specially related to environmental management).
- Short report on seminars/workshops on the related topics are also invited. Those found suitable will be published in the newsletter.
- Articles for the newseletter "Panchayat" are invited.

## Forthcoming Events

- **National Conference on Environmental Education**
  *Date :* August 23-25, 2007
  *Venue :* Goa
  *For detail log on to* **www.environmentevents.org**
- Biodiverting Day
  May 22, 2007.
- Sustainable Development of Marganilised People.
  May 26-27, 2007 – Chennai

**Book Post**

*Please return, if undelivered :*

**Indian Environmental Society**
U-112 (3rd Floor) Vidhata House
Vikas Marg, Shakarpur
Delhi - 110092 INDIA
**Phone:** 22450749, 22046823, 22046824 **Fax:** 22523311
**E-mail:** iesenro@vsnl.com
**Website:**www.iesglobal.org • www.iesenvis.nic.in • www.iespanchayat.net.in

**To** ____________________